मध्य प्रदेश के महाविद्यालयों के लिए 'ई-ग्रंथालय' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र राज्य इकाई, मध्य प्रदेश के सहयोग से आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा अकादमी, भोपाल, मध्यप्रदेश में ई-ग्रंथालय परियोजना आधारित आवासीय प्रशिक्षण दिनांक 11/03/2026 से 13/03/2026 तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे **उच्च शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग** के 25 ग्रंथपालों एवं रजिस्ट्रार को ई-ग्रंथालय, साइबर सिक्यूरिटी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) पर सफलता पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के उदघाटन सत्र में **श्री अरविन्द सोले,** वैज्ञानिक-एफ एवं अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने अपने सम्बोधन मे ई-ग्रंथालय परियोजना के विस्तृत स्वरूप तथा एनआईसी द्वारा प्रदेश में दी जा रही सूचना प्रोद्योगिकी सेवाओं के बारे में बताया ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में **श्री राकेश जैन**, वैज्ञानिक-एफ द्वारा नवीनतम साइबर हमले जैसे Phishing, OTP Fraud, Fake Customer Care, Deep fake, Malware तथा Remote Access Scam एवं उनसे बचने के उपायों के सम्बन्ध में एवं वर्तमान समय में साइबर सिक्यूरिटी जागरूकता पर व्याख्यान दिया गया|

इसके उपरांत **श्री अम्बुज जैन,** वैज्ञानिक-डी, द्वारा Artificial Intelligence के विभिन्न उपयोगों जैसे Chat GPT, Gemini, Nano-Banana की जानकारी दे गई | साथ ही लाइब्रेरी के कार्यों मे Artificial Intelligence टूल्स के संभावित प्रयोगों के बारे मे विस्तार से बताया गया |

अगले सत्रों मे **श्री मोहन लाल,**सॉफ्टवेयर डेवलपर द्वारा ई-ग्रंथालय के विभिन्न महत्वपूर्ण माड्यूल् जैसे Library Administration, Master Data, Book Acquisition, Cataloguing, Circulation, Search and Report एवं OPAC पर विस्तृत व्याख्यान दिए गए | प्रशिक्षण कार्यक्रम मे प्रतिभागियों के लिए कंप्यूटर पर Hands – on सत्र भी आयोजित किया गया जिससे ई-ग्रंथालय की सम्पूर्ण कार्यप्रणाली का अनुभव कराया गया ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर के लाईब्रेरीयन **डॉ. बिमलेश पटेल** द्वारा अपने महाविद्यालय मे ई-ग्रंथालय पर किए गए कार्यों का डेमो भी प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया।

प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में एनआईसी के अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किये गए ।

इस कार्यक्रम की कुछ झलकियां :-



संकलन : टीम ई ग्रंथालय , राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, मध्य प्रदेश